# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 18.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्य सरकार ने किसानों को धान की बिक्री पर एकमुश्त भुगतान करने का किया फैसला, न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ 100 रुपये का बोनस भी देगी सरकार।
- झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की पुनर्विचार याचिका पर की सुनवाई, प्रशिक्षित विशेष सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की दी अनुमति।
- हजारीबाग में हथियारबंद अपराधियों ने ज्वेलर्स से साढ़े तीन किलो सोना और 95 किलो चांदी लूटी, लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन।
- चर्चित शराब घोटाला मामले में एसीबी ने तत्कालीन उत्पाद आयुक्त फैज अक अहमद से की पूछताछ, आज फिर किया तलब।
- रांची स्टेशन यार्ड रीमॉडलिंग के लिए लिया जायेगा इंटरलाकिंग, रांची स्टेशन से खुलने वाली 11 ट्रेनें 10 दिसंबर से सात जनवरी तक रहेंगी रद्द।

*********************

राज्य सरकार ने किसानों को धान की बिक्री पर एकमुश्त भुगतान करने का फैसला किया है। खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि किसानों को प्रति क्विंटल 2 हजार तीन सौ उनहतर रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ 100 रुपये का बोनस भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाएगा और किसानों को सशक्त बनाएगा। धान खरीद प्रक्रिया 15 दिसंबर से पहले शुरू हो जाएगी।

*********************

झारखंड हाई कोर्ट ने प्रशिक्षित विशेष सहायक शिक्षकों की नियुक्ति मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने विशेष शिक्षकों के 3 हजार चार सौ इक्यावन पदों पर नियुक्ति की अनुमति दी है, जबकि अन्य शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक बरकरार रखी है। अदालत ने राज्य सरकार की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई के बाद कर्मचारी चयन आयोग को मार्च 2026 तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत विकसित और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। नई दिल्ली में छठे रामनाथ गोयनका व्याख्यान में श्री मोदी ने कहा कि एक तरफ जहां दुनिया व्यवधानों से डरी हुई है, वहीं भारत सुनहरे भविष्यं की ओर विश्वास के साथ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक केवल उभरता हुआ बाजार नहीं है, बल्कि एक उभरता मॉडल भी है।

*********************

पांच दिसंबर से आहुत होने वाले झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तैयारी तेज कर दी गयी है। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सत्र को महत्वपूर्ण बताते हुए विपक्ष से सहयोग की अपेक्षा की।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की और उन्हें 22 नवम्बर को आयोजित झारखण्ड विधानसभा की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। दूसरी ओर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भी राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

हजारीबाग जिले के बरही में एक ज्वेलर्स से हथियारबंद अपराधियों ने करीब साढ़े तीन किलो सोना और 95 किलो चांदी लूट ली। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए एसआइटी का गठन कर दिया गया है। डीएसपी अजित कुमार बिमल ने बताया कि जिले के बरही चौक पर रविवार की देर रात करीब नौ बजे दो बाइक सवार अपराधियों ने लूट की इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया।

*********************

इस बीच हजारीबाग पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि ये अपराधी म्यूल एकाउंट के जरिये लोगों से ठगी किया करते थे। इनके पास से डेढ लाख रुपये नकद समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

*********************

चर्चित शराब घोटाला मामले की जांच कर रहे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने तत्कालीन उत्पाद आयुक्त और वर्तमान में रामगढ़ के उपायुक्त फैज अक अहमद से लंबी पूछताछ की। उनसे मैन पावर सप्लाई करने वाली दो प्लेसमेंट एजेंसियों से संबंधित सवाल पूछे गये। एसीबी ने आज भी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। गौरतलब है कि इससे पहले जांच एजेंसी दो पूर्व उत्पाद आयुक्तों से भी पूछताछ कर चुकी है।

*********************

पाकुड़ जिले में सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रुप से सशक्त बन रही हैं।

*********************

रांची स्टेशन के रांची रेलवे यार्ड की रिमॉडलिंग का कार्य होगा। रेलवे यार्ड में कई आवश्यक सुधार किए जाएंगे। इस कार्य के क्रियान्वयन के लिए 10 दिसंबर से इंटरलॉकिंग लिया जा रहा है। यह इंटरलॉकिंग क्रमवार तिथियों में जनवरी 2026 तक लिया जाएगा, इससे रांची स्टेशन से परिचालित होने वाली 11 ट्रेनें 10 दिसंबर से सात जनवरी तक रद्द रहेंगी जबकि छह ट्रेनों का आंशिक समापन होगा।

*********************

राज्यभर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। राजधानी रांची के कांके और मैकलुस्कीगंज में तापमान सात डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। उत्तर के पहाड़ी इलाकों से आ रही ठंडी हवाओं के कारण राज्य में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*********************

सरायकेला——खरसांवा जिले में आयोजित राज्य स्तरीय सब–जूनियर व जूनियर योग प्रतियोगिता में रांची जिला योग संघ की टीम को ओवरऑल चौंपियन घोषित किया गया। वहीं कर्मकार इंस्टीट्यूट ऑफ योगा, जमशेदपुर दूसरे स्थान पर और रॉयल योग की टीम तीसरे स्थान पर रही।

*********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने हजारीबाग के बरही में साढे चार करोड़ के सोना–चांदी की लूट की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– नौ साल से होल्डिंग टैक्स नहीं देने वाले 100 भवन–दुकानों को 7 दिन का समय।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– एआई से लैस मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना देगी शीघ्र–सुगम इलाज।

प्रभात खबर लिखता है– धनबाद में बिना पैन कार्ड के 1600 से अधिक चल–अचल संपत्ति का निबंधन।

दैनिक जागरण ने लिखा है– चुटिया में बेकाबू कार ने छह को रौंदा, दो गंभीर, उग्र लोगों ने थाने को घेरा।

*********************